# पीजी कॉलेज रासेयो इकाई ने चलाया स्वच्छता अभियान

**ब्यूरो अपडेट, छिंदवाड़ा**



पीजी कालेज छिंदवाड़ा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा रासेयो के सफलतम 52 वर्ष पूर्ण होने, आजादी की 75 वीं वर्षगांठ अंतर्गत आजादी का अमृत महोत्सव एवं राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 152 वी जन्म जयंती व लाल बहादुर शास्त्री जयंती के उपलक्ष्य में 20 सितंबर से 4 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। सेवा पखवाड़ा अंतर्गत प्राचार्य डॉ अमिताभ पांडे, एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ जगमोहन सिंह पूषाम, प्रो महेंद्र साहू व महिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ निधि डेहरानी के मार्गदर्शन में राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी की 152 जयंती मनाई गई। रासेयो स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर स्थित गांधी प्रतिमा के आसपास स्वच्छता अभियान चलाते हुए साफ सफाई की और पॉलिथीन मुक्त परिसर बनाने हेतु संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व टीम लीडर दिनेश साहू ने छात्रों को जानकारी देते हुए बताया कि महात्मा गांधी दो बार छिंदवाड़ा आए थे, उनकी पहली सभा 06 जनवरी 1921 को वर्तमान गांधी गंज में हुई थी जिसे सुनने हजारों की संख्या में लोग पहुंचे थे, 1920 के नागपुर अधिवेशन में असहयोग आंदोलन का प्रस्ताव रखने के बाद उनकी पहली सभा छिंदवाड़ा में हुई थी, यहीं से उन्होंने असहयोग आंदोलन की शुरुआत की थी। गांधी जी की दूसरी सभा 29 नवंबर 1933 को छिंदवाड़ा के बुधवारी स्थित छितिया बाई के बाड़े में हुई थी, छात्रों को यह भी जानकारी दी गई कि गांधी गंज का नाम पहले चिटनविस गंज हुआ करता था जिसे आजादी के बाद बदल कर गांधी गंज रखा गया। इस अवसर पर रासेयो छात्रों द्वारा महाविद्यालय परिसर में स्थित गांधी जी की प्रतिमा का स्नान कराकर माल्यार्पण किया गया। एनएसएस टीम लीडर चंचलेश डेहरिया ने गांधी जी के सत्य अहिंसा के मार्ग पर चलने हेतु एनएसएस छात्र छात्राओं को प्रेरित किया। श्री साहू ने सभी उपस्थित छात्र-छात्राओं को अपने आसपास सफाई रखने व पॉलीथिन मुक्त परिसर बनाने हेतु संकल्प दिलवाया। इस अवसर पर टीम लीडर चंचलेश डेहरिया, पूर्व टीम लीडर दिनेश साहू वरिष्ठ स्वयंसेवक आशीष डेहरिया, रोहित डेहरिया, रेशमी उइके, राजकुमारी उइके, सूरज धुर्वे, संजय उइके, शिवानी बिन्झाड़े, अंकेश बन्दे, दादूराम मरकाम, किरण धुर्वे, नीलेश इनवाती, रोहित मंसुरे सहित बड़ी संख्या में रासेयो स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# पीजी कॉलेज रासेयो ने चलाया सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त परिसर अभियान




## पी.जी. कॉलेज रासेयो इकाई ने कक्षाओं में जाकर समझाया सिंगल यूज़ प्लास्टिक के दुष्परिणाम



**राकेश पाल छिन्दवाड़ा। नर्मदा की पुकार**

भारत सरकार युवा कार्य खेल मंत्रालय व मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम समन्वयक आरडीवीवी जबलपुर आदेशानुसार शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अमिताभ पांडे कार्यक्रम अधिकारी द्वय डॉक्टर जगमोहन सिंह पूषाम, प्रोफ़ेसर महेंद्र साहू व महिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. निधि डोडानी के मार्गदर्शन व एनएसएस टीम लीडर चंचलेश डेहरिया के नेतृत्व राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने स्वच्छ भारत अभियान अंतर्गत महाविद्यालय परिसर को पॉलिथीन मुक्त परिसर बनाने हेतु विभिन्न कक्षाओं में जाकर सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्परिणाम बताया एवं महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग न करने हेतु प्रेरित किया। साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में साफ-सफाई कर पॉलीथिन तथा सिंगल यूज़ प्लास्टिक कचरे इत्यादि एकत्रित किया। रासेयो स्वयंसेवकों ने कॉलेज में अध्ययनरत युवाओं को जागरूकता के माध्यम से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने की अपील की।

जन जागरूकता कार्यक्रम में एनएसएस टीम लीडर चंचलेश डेहरिया, ललित साहू, सोहित डेहरिया, सुष्मिता उइके, रूपवती उइके, शिवानी बिन्झाड़े, दीपिका बंदेवार, सूरज धुर्वे, विवेक सरेयाम, साक्षी सूर्यवंशी आदि बड़ी संख्या में एनएसएस स्वयंसेवक उपस्थित रहे। विदित होवे की पीजी कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 1 अक्टूबर से ही विभिन्न जागरूकता अभियान व लिए गए गोद ग्राम में भी वृहद स्तर पर सिंगल यूज पॉलिथीन मुक्त गोद ग्राम अभियान चलाया गया।

# पीजी कॉलेज रासेयो ने चलाया सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त परिसर अभियान



**यूथ अपडेट, छिंदवाड़ा**

भारत सरकार युवा कार्य खेल मंत्रालय व मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग निर्देशानुसार राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम समन्वयक आरडीवीवी जबलपुर आदेशानुसार महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अमिताभ पांडे कार्यक्रम अधिकारी द्वय डॉक्टर जगमोहन सिंह पूषाम, प्रोफ़ेसर महेंद्र साहू व महिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. निधि डोडानी के मार्गदर्शन व एनएसएस टीम लीडर चंचलेश डेहरिया के नेतृत्व राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने स्वच्छ भारत अभियान अंतर्गत महाविद्यालय परिसर को पॉलिथीन मुक्त परिसर बनाने हेतु विभिन्न कक्षाओं में जाकर सिंगल यूज प्लास्टिक के दुष्परिणाम बताया एवं महाविद्यालय के छात्र छात्राओं को सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग न करने हेतु प्रेरित किया। साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई स्वयंसेवकों ने महाविद्यालय परिसर में साफ-सफाई कर पॉलीथिन तथा सिंगल यूज़ प्लास्टिक कचरे इत्यादि एकत्रित किया। रासेयो स्वयंसेवकों ने कॉलेज में अध्ययनरत युवाओं को जागरूकता के माध्यम से सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने की अपील की। जन जागरूकता कार्यक्रम में एनएसएस टीम लीडर चंचलेश डेहरिया, ललित साहू, सोहित डेहरिया, सुष्मिता उइके, रूपवती उइके, शिवानी बिन्झाड़े, दीपिका बंदेवार, सूरज धुर्वे, विवेक सरेयाम, साक्षी सूर्यवंशी आदि बड़ी संख्या में एनएसएस स्वयंसेवक उपस्थित रहे। विदित होवे की पीजी कॉलेज राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 1 अक्टूबर से ही विभिन्न जागरूकता अभियान व लिए गए गोद ग्राम में भी वृहद स्तर पर सिंगल यूज पॉलिथीन मुक्त गोद ग्राम अभियान चलाया गया।

# राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS)
## शासकीय स्वशासी स्नातकोत्तर महाविद्यालय
## छिंदवाड़ा (म. प्र.)

STAY HOME STAY SAFE

दिनांक 11/10/2021

## सूचना

समस्त एनएसएस छात्र छात्राओं को सूचित किया जाता है कि मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग, भारत सरकार युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय नई दिल्ली व रासेयो कार्यक्रम समन्वयक जबलपुर से प्राप्त दिशा निर्देशानुसार आजादी के अमृत महोत्सव अंतर्गत दिनांक 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक स्वच्छ भारत कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई माध्यम से स्वच्छता कार्यक्रम में स्वयंसेवकों द्वारा मुख्य रूप से सिंगल यूज़ प्लास्टिक कचरे का संग्रहण, ग्राम सौंदर्यीकरण अभियान और स्वच्छता के प्रति जागरूकता और पारंपरिक जल स्रोतों का स्वच्छता संबंधी गतिविधियां किया जाना है। अतः सभी स्वयंसेवक सेविकाओं से निवेदन है कि आज दिनांक 11.10.2021 दिन सोमवार समय 11.00 बजे एनएसएस ऑफिस कक्ष क्रमांक-9 में उपस्थित होवे।

नोटः-

1. आज कार्यक्रम में सभी उपस्थित होवे। उपस्थित नहीं होने पर निष्क्रियता के आधार आपको एनएसएस से निकाल कर आपकी सीट पर नव प्रवेशित छात्रों को मौका दिया जाऐगा।
2. कोविड़-19 प्रोटोकॉल का पूर्णतः पालन करें।
3. सभी मास्क अवश्य लगाकर आवे।
4. कॉलेज ड्रेस में आवे।

चंचलेश डेहरिया
टीम लीडर रासेयो
पीजी कॉलेज छिंदवाड़ा

कार्यक्रम अधिकारी
राष्ट्रीय सेवा योजना
पीजी कॉलेज छिंदवाड़ा